## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Kanhaiya Jha, (Reg. No. 1250032) Add Arariya Sangram Madhubani Bihar Pincode: 847109 को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9991 दिनांक 17.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 24.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

24/10/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता Kanhaiya Jha, (Reg. No. 1250032) Add Arariya Sangram Madhubani Bihar Pincode: 847109 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी उपस्थित।

प्रस्तुत मामला मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतू योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी के अधीन Package No.-MGSY/24-25/Benipatti/02 (Tender ID-140637) की निविदा में संवेदक Kanhaiya Jha, (Reg. No. 1250032) द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर का पत्रांक 1777 दिनांक 09.11.2022 द्वारा उद्धत समरूप अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है। इस संदर्भ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के पत्रांक 940 दिनांक 06.06.2025 द्वारा सूचित किया गया कि यह प्रमाण–पत्र इनके कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। तद्‌लोक में अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण CMBD की कंडिका.– 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया गया।

तद्‌लोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9991 दिनांक 17.09.2025 द्वारा 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने से संबंधित है।

संवेदक द्वारा उक्त कालीकृत आदेश के विरूद्ध दिनांक 24.09.2025 को अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया। जिसमें उल्लेखित है कि इनके घर में यज्ञोपवीता (उपनैन) का कार्यक्रम चल रहा था उस समय में वे बरूवा (लड़का) का गुरू बने हुए थे, जो चार दिन का कार्यक्रम होता है, जिसके कारण उक्त निविदा का कागाजात इनके द्वारा नहीं तैयार किया गया था। इनके स्टाफ के द्वारा गलत मनसा से उक्त निविदा में गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया।

तद्‌लोक में उक्त कालीकरण आदेश को निरस्त किये जाने हेतु संवेदक द्वारा अनुरोध किया गया है।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Kanhaiya Jha, (Reg. No. 1250032) Add Arariya Sangram Madhubani Bihar Pincode: 847109 से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9991 दिनांक 17.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1250032) को दिनांक 17.09.2025 से 03 (तीनः) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

24/10/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–215/2025 11282 /पटना, दिनांक–04/11/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/25

(संजय कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–215/2025 11282 /पटना, दिनांक–04/11/25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–215/2025 11282 /पटना, दिनांक–04/11/25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

3/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–215/2025 11282 /पटना, दिनांक04/11/25

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Kanhaiya Jha, Add Arariya Sangram Madhubani Bihar Pincode: 847109 को सूचनार्थ प्रेषित।

3/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–215/2025 11282 /पटना, दिनांक–04/11/25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

30